स्टेटस रिपोर्ट ऑन मिसिंग चिल्ड्रन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में गैर-सरकारी संगठन 'चाइल्ड राइट्स एंड यू'(क्राई) द्वारा 'स्टेटस रिपोर्ट ऑन मिसिंग चिल्ड्रन'नामक रिपोर्ट जारी की गई जिसके अनुसार वर्ष 2021 में मध्य प्रदेश में बच्चों की गुमशुदगी के सर्वाधिक मामले दर्ज किये गए।

प्रमुख बिंदु

- रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश में वर्ष 2020 में बच्चों की गुमशुदगी के 8751 मामलों की तुलना में वर्ष 2021 में 10648 मामले दर्ज किये गए अर्थात् वर्ष 2020 की तुलना में वर्ष 2021 में गुमशुदगी के मामलों में 26% की वृद्धि हुई है।
- मध्य प्रदेश में गुमशुदगी के मामलों में लड़कों के मुकाबले लड़कियों की संख्या लगभग 5 गुना रही है।
- मध्य प्रदेश में गुमशुदगी के मामलों की सर्वाधिक संख्या इंदौर, भोपाल, धार, जबलपुर एवं रीवा ज़िलों में देखी गई है।
- उल्लेखनीय है कि चाइल्ड राइट्स एंड यू एक भारतीय गैर-सरकारी संगठन है जो बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करता है। संगठन की शुरुआत 1979 में एयर इंडिया के पर्सर रिपिन कपूर ने की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/status-report-on-missing-children